# अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | 'माय भारत बजट क्वेस्ट - राजस्थान यूथ डायलॉग' कार्यक्रम |
| 2. | राजस्थान में मकड़ी की नई प्रजाति : मोग्रस शुष्का |
| 3. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. IS 6455:2025 के अंतर्गत प्रथम अखिल भारतीय लाइसेंस<br>2. 'लाफिंग एपिलेप्सी' की सर्जरी वाला राजस्थान का एकमात्र अस्पताल<br>3. डॉ. समरेश श्रीवास्तव और डॉ. वैशाली वसावड़ा<br>4. खुशी राणा<br>5. 5th ओपन सेन्ट्रल एशियन हैण्डबॉल पुरुष चैम्पियनशिप में राजस्थान<br>6. प्रेम कंवर इंदा : रॉयल कैनेडियन एयर फ़ोर्स (RCAF) |
| 4. | स्वामी विवेकानंद की आदमकद प्रतिमा |
| 5. | आशा भोसले |
| 6. | 63 वाँ राष्ट्रीय समुद्री दिवस, 2026 |
| 7. | भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. वैशाली |
| 8. | एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप, 2026 |
| 9. | विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज, 2026 |
| 10. | प्रोजेक्ट हिम सरोवर |
| 11. | जलियांवाला बाग नरसंहार 1919 |
| 12. | उन्नत कृषि महोत्सव, 2026 |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 13. | व्हिप |
| 14. | हिंद महासागर सम्मेलन (IOC) |
| 15. | चागोस द्वीप समूह |
| 16. | डस्टलिक अभ्यास |
| 17. | हंगरी के नए प्रधानमंत्री |
| 18. | इराक के नए राष्ट्रपति |
| 19. | प्रोजेक्ट चीता |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## ‘माय भारत बजट क्वेस्ट - राजस्थान यूथ डायलॉग’ कार्यक्रम

### चर्चा में क्यों?

- **12 और 13 अप्रैल, 2026 को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (RIC), जयपुर में ‘माय भारत बजट क्वेस्ट - राजस्थान यूथ डायलॉग’ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**




### मुख्य बिन्दु:

- **कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य : युवाओं को केंद्रीय बजट 2026 की प्रक्रिया और देश की अर्थव्यवस्था से जोड़ना।**
- **आयोजक : राजस्थान सरकार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- यूनियन बजट - 2026 पर आधारित माय भारत बजट क्वेस्ट का आयोजन 1 से 22 फरवरी, 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से 'माय भारत' पोर्टल पर हुआ।
- **प्रतिभागी :** राजस्थान से कुल 984 युवाओं को राज्य स्तरीय 'विकसित भारत यूथ डायलॉग' के लिए चुना गया, जिसमें 423 महिलाएँ एवं 561 पुरुष सम्मिलित है।
- **आयु वर्ग :** 15 से 29 वर्ष।
- **'संडेज़ ऑन साइकिल' इवेंट :** 12 अप्रैल को 'विमेन यूथ पार्लियामेंट' और फिट इंडिया को बढ़ावा देने के लिए 'संडेज़ ऑन साइकिल' इवेंट का आयोजन MNIT जयपुर में किया गया।
- **युवा साथी केंद्र :** युवाओं को करियर मार्गदर्शन एवं तनावमुक्त जीवन जीने हेतु राज्य सरकार द्वारा कोटा, उदयपुर, जयपुर, बीकानेर एवं अजमेर में युवा साथी केंद्र स्थापित किए गए हैं।

**राजस्थान के अन्य चर्चित व्यक्तित्व :**

- **हर्षिता शर्मा :** जयपुर निवासी हर्षिता शर्मा ने नई दिल्ली में आयोजित 'विकसित भारत युवा संसद' में प्रश्नोत्तरी श्रेणी में देश भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- **चारु सिंह :** एमिटी यूनिवर्सिटी, जयपुर की चारु सिंह ने कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड - 2026 में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) दल का नेतृत्व किया। हाल ही में, इन्हें NSS राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स (राजस्थान युवा नीति - 2025):**

- **लॉन्च :** राज्य सरकार द्वारा 12 जनवरी, 2026 को।
- यह नीति 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की क्षमता को सशक्त रूप से विकसित करने हेतु एक समग्र रोडमैप प्रदान करती है, जो राज्य में 27.2 प्रतिशत जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- यह नीति युवाओं को नेता (लीडर), नवप्रवर्तक (इनोवेटर) और जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित करने की परिकल्पना करती है, ताकि वे आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति और सतत राष्ट्र-निर्माण में योगदान दे सकें।
- नीति कवरेज-आधारित एवं परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण को अपनाती है, जिसके अंतर्गत कम-से-कम एक योजना के माध्यम से 90 प्रतिशत युवाओं तक पहुँच तथा बहु-स्तरीय सहयोग (मल्टी-टच सपोर्ट) के माध्यम से 75 प्रतिशत युवाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

UTKARSH CIVIL SERVICES


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान में मकड़ी की नई प्रजाति : मोग्रस शुष्का

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, शोधकर्ताओं की एक टीम ने राजस्थान के शुष्क क्षेत्रों में पाई जाने वाली जंपिंग स्पाइडर की एक नई प्रजाति की खोज की।




## मुख्य बिन्दु:

- **नामकरण :** खोजी गई नई प्रजाति का नाम 'मोग्रस शुष्का' रखा गया है। 'शुष्का' नाम संस्कृत शब्द 'शुष्क' से लिया गया है।
- **प्रकाशन :** यूरोपियन जर्नल ऑफ टैक्सोनॉमी में प्रकाशित।
- **नमूना एकत्रण :** मुख्य नमूना (होलोटाइप) निमाज (छत्रसागर, ब्यावर) और डेज़र्ट नेशनल पार्क, जैसलमेर से एकत्रित किए गए।
- **आवास :** यह प्रजाति मुख्य रूप से राजस्थान और गुजरात के शुष्क क्षेत्रों में पाई जाती है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **महत्त्व :** थार रेगिस्तान में इन मकड़ियों की उपस्थिति राजस्थान के शुष्क क्षेत्रों और व्यापक एफ्रो-एशियाई रेगिस्तानी क्षेत्रों के बीच एक मजबूत पारिस्थितिक संबंध को उजागर करती है।
- **अन्य प्रजाति :** शोधकर्ताओं की टीम को 'मोग्रस लारिसे' नामक एक अन्य प्रजाति भी मिली जिसे भारत में पहली बार दर्ज किया गया।

**राजस्थान में सम्पन्न अन्य खोजें:**

- **लैंगेलुरिलस उदयपुरेंसिस (खोज - 2024) :** जम्पिंग स्पाइडर की एक प्रजाति जिसकी खोज उदयपुर के सज्जनगढ़ वन्यजीव अभयारण्य में की गई।
- **प्यूसेटिया छापराजनिर्विन (खोज - 2024) :** चूरू स्थित ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य में खोजी गई ग्रीन लिंक्स मकड़ी।
- **स्यूडोमोग्रस सुधी (खोज - 2022) :** डेजर्ट नेशनल पार्क में खोजी गई जंपिंग स्पाइडर की एक प्रजाति। इस प्रजाति का नाम प्रसिद्ध भारतीय मकड़ी विज्ञानी (Arachnologist) सुधीकुमार ए.वी. के नाम पर रखा गया है।

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **IS 6455:2025 के अंतर्गत प्रथम अखिल भारतीय लाइसेंस**<br>■ ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स (BIS), जयपुर शाखा कार्यालय द्वारा भारतीय मानक IS 6455:2025 के अंतर्गत "सिंगल रो डीप ग्रूव बॉल बियरिंग" के लिए अखिल भारतीय स्तर का प्रथम लाइसेंस प्रदान किया गया।<br>■ यह लाइसेंस नेशनल इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड, जयपुर को प्रदान किया गया है, जो देश में गुणवत्ता एवं मानकीकरण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। |
| 2. | **'लाफिंग एपिलेप्सी' की सर्जरी वाला राजस्थान का एकमात्र अस्पताल**<br>■ अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) जोधपुर राजस्थान का एकमात्र अस्पताल और देश का दूसरा AIIMS बन गया है, जहां 'लाफिंग एपिलेप्सी' की सर्जरी उपलब्ध है।<br>■ हाल ही में AIIMS जोधपुर द्वारा हाइपोथैलेमिक हैमार्टोमा से होने वाले जेलास्टिक सीजर्स (लाफिंग एपिलेप्सी) से पीड़ित चार मरीजों का सफलतापूर्वक उपचार किया गया। यह मिर्गी का एक दुर्लभ और दवाओं से नियंत्रित न होने वाला प्रकार है।<br>■ AIIMS जोधपुर में वर्ष 2019 से व्यापक मिर्गी सर्जरी कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत अब तक 100 से अधिक मिर्गी सर्जरी सफलतापूर्वक की जा चुकी हैं। |
| 3. | **डॉ. समरेश श्रीवास्तव और डॉ. वैशाली वसावड़ा**<br>■ हाल ही में, जयपुर निवासी नेत्र विशेषज्ञ डॉ. समरेश श्रीवास्तव और डॉ. वैशाली वसावड़ा को वाशिंगटन (USA) में आयोजित 'अमेरिकन सोसायटी ऑफ मोतियाबिंद और अपवर्तक सर्जन' (ASCRS) फिल्म फेस्टिवल में 'ग्रैंड प्राइज' से सम्मानित किया गया।<br>■ उनकी मेडिकल फिल्म 'द डोमिनो इफेक्ट' ने दुनिया भर की 300 फिल्मों के बीच शीर्ष स्थान प्राप्त किया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 4. | **खुशी राणा**<br>■ हाल ही में, जोधपुर की मुक्केबाज खुशी राणा का चयन अंडर-15 एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ।<br>■ प्रतियोगिता का आयोजन उज्बेकिस्तान के ताशकंद में 1 से 16 मई, 2026 तक होगा। |
| 5. | **5th ओपन सेन्ट्रल एशियन हैण्डबॉल पुरुष चैम्पियनशिप में राजस्थान**<br>■ 5वीं ओपन सेंट्रल एशियन हैंडबॉल पुरुष चैम्पियनशिप का आयोजन 31 मार्च से 5 अप्रैल, 2026 तक उज्बेकिस्तान के ताशकंद में किया गया।<br>■ इस प्रतियोगिता में भारतीय टीम ने तीसरा स्थान (कांस्य पदक) प्राप्त किया।<br>■ राजस्थान के खिलाड़ी : सहकारिता विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारी अषलेश पंवार एवं मानसिंह शेखावत। |
| 6. | **प्रेम कंवर इंदा : रॉयल कैनेडियन एयर फ़ोर्स (RCAF)**<br>■ फलौदी निवासी प्रेम कंवर इंदा रॉयल कैनेडियन एयर फ़ोर्स (RCAF) में 'सेकंड लेफ्टिनेंट' बनने वाली राजस्थान की पहली महिला बनी। |

CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## स्वामी विवेकानंद की आदमकद प्रतिमा

### चर्चा में क्यों?

- अमरीका का सिएटल शहर स्वामी विवेकानंद की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने वाला पहला नगर निकाय बन गया है।
- यह प्रतिमा वेस्टलेक स्क्वायर पार्क में स्थापित की गई है।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आशा भोसले

## चर्चा में क्यों?

- **12 अप्रैल, 2026 का प्रख्यात गायिका और पद्म विभूषण से सम्मानित आशा भोसले का मुंबई में 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया।**



## मुख्य बिन्दु:

- **संबंध: सांगली, महाराष्ट्र।**
- **संगीत घराना: शास्त्रीय गायक  पंडित दीनानाथ मंगेशकर की बेटी और "भारत की कोकिला"  लता मंगेशकर की छोटी बहन।**
- **गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड:  वर्ष 2011 में औपचारिक रूप से  संगीत इतिहास में सबसे अधिक गाने रिकॉर्ड करने वाले कलाकार के रूप में मान्यता प्राप्त, जिनके 20 से अधिक भाषाओं में 11,000-12,000 से अधिक गाने हैं।**



UTKARSH उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

■ **प्रमुख पुरस्कार और सम्मान:**

| पुरस्कार | वर्ष | योगदान |
|---|---|---|
| दादासाहेब फाल्के पुरस्कार | वर्ष 2000 | भारत का सिनेमा जगत का सर्वोच्च पुरस्कार |
| पद्म विभूषण | वर्ष 2008 | भारत का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक पुरस्कार |
| राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार | वर्ष 1981 और वर्ष 1986 | उमराव जान (1981) और इजाज़त (1986) सहित |
| ग्रैमी नामांकन | 1997 | ग्रैमी पुरस्कार के लिए नामांकित होने वाली पहली भारतीय गायिका |
| महाराष्ट्र भूषण | वर्ष 2021 | महाराष्ट्र राज्य का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 63 वाँ राष्ट्रीय समुद्री दिवस, 2026

## चर्चा में क्यों?

- मर्चेंट नेवी सप्ताह के समापन के उपलक्ष्य में आयोजित 63वें राष्ट्रीय समुद्री दिवस समारोह, 2026 का समापन समारोह 5 अप्रैल, 2026 को मुंबई के अंधेरी स्थित भारत रत्नम सभागार में "समुद्री भारत, प्रगति को सशक्त बनाना"(Maritime India – Empowering Progress) विषय के अंतर्गत हुआ।





## मुख्य बिन्दु:

- **ऐतिहासिक घटना:** यह दिन 5 अप्रैल, 1919 की उस ऐतिहासिक यात्रा की याद में मनाया जाता है, जब सिंधिया स्टीम नेविगेशन कंपनी के स्वामित्व वाला जहाज 'SS लॉयल्टी' (SS Loyalty) मुंबई से लंदन के लिए रवाना हुआ था।
- **पहला भारतीय जहाज:** यह किसी भारतीय स्वामित्व वाले मर्चेंट जहाज द्वारा की गई पहली अंतर्राष्ट्रीय यात्रा थी, जिसने ब्रिटिश जहाजरानी एकाधिकार को चुनौती दी थी।

- **शुरुआत:** भारत सरकार ने आधिकारिक तौर पर वर्ष 1964 में 5 अप्रैल को राष्ट्रीय समुद्री दिवस घोषित किया था।
- **मर्चेंट नेवी वीक:** यह दिवस वर्ष 1964 से मनाए जा रहे 'मर्चेंट नेवी वीक' के समापन का भी प्रतीक है।

**सागरमाला: भारत के समुद्री परिदृश्य का रूपांतरण:**

- देश के पास लगभग 11,099 किलोमीटर लंबी समुद्री तटरेखा है, साथ ही लगभग 14,500 किलोमीटर लंबी संभावित नौगम्य अंतर्देशीय जलमार्गों की व्यवस्था है।
- देश के कुल व्यापार का लगभग 95% भाग मात्रा के आधार पर और लगभग 70% भाग मूल्य के आधार पर समुद्री मार्गों के माध्यम से होता है।
- भारत में 12 प्रमुख बंदरगाह और 200 से अधिक गैर-प्रमुख बंदरगाह हैं। प्रमुख बंदरगाहों का प्रशासनिक नियंत्रण पोत, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय के पास है, जबकि गैर-प्रमुख बंदरगाह संबंधित राज्य समुद्री बोर्डों/राज्य सरकारों के अधीन आते हैं।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### सागरमाला कार्यक्रम:

- **शुरुआत:** मार्च 2015 में सागरमाला कार्यक्रम को पोर्ट-आधारित (बंदरगाह-प्रेरित) विकास को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया।
- **उद्देश्य:** लॉजिस्टिक दक्षता में सुधार, परिवहन लागत में कमी और तटीय शिपिंग तथा अंतर्देशीय जलमार्गों के उपयोग को बढ़ाकर व्यापार को समर्थन देना है, ताकि सड़क और रेल नेटवर्क पर निर्भरता को संतुलित किया जा सके।
- **सागरमाला कार्यक्रम के प्रमुख घटक:** सागरमाला के अंतर्गत समग्र रूप से ली गई परियोजनाओं को 5 स्तंभों और 24 श्रेणियों में विभाजित किया गया है।

1. बंदरगाह आधुनिकीकरण और नए बंदरगाहों का विकास
2. बंदरगाह कनेक्टिविटी में सुधार
3. बंदरगाह-प्रेरित औद्योगिकीकरण
4. तटीय समुदाय विकास
5. तटीय शिपिंग और अंतर्देशीय जलमार्ग परिवहन

### बेहतर बंदरगाह प्रदर्शन और वैश्विक स्थिति:

- **रिकॉर्ड कार्गो हैंडलिंग:** भारत के प्रमुख बंदरगाहों ने वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान सामूहिक रूप से 915.17 मिलियन टन (MT) कार्गो का रिकॉर्ड संचालन किया, जो 904 मिलियन टन के वार्षिक लक्ष्य से अधिक है। यह 7.06% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि को दर्शाता है।
- **वैश्विक मान्यता:** भारतीय बंदरगाहों की वैश्विक उपस्थिति मजबूत हुई है, जिसमें 9 भारतीय बंदरगाह दुनिया के शीर्ष 100 बंदरगाहों में शामिल हैं; इनमें विशाखापत्तनम पोर्ट भी है, जो कंटेनर ट्रैफिक के मामले में शीर्ष 20 बंदरगाहों की सूची में आता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **अंतर्देशीय जलमार्गों में वृद्धि:** अंतर्देशीय जलमार्गों के माध्यम से कार्गो परिवहन FY 2013–14 के 18.10 MTPA से बढ़कर FY 2024–25 में 145.50 MTPA हो गया है, जो लगभग 700% की वृद्धि दर्शाता हैं।
- **सागरमाला 2.0 :** सागरमाला 2.0, मार्च, 2015 में शुरू किए गए सागरमाला कार्यक्रम के अगले चरण के रूप में प्रस्तावित है, जो इसकी उपलब्धियों पर आधारित है और MIV (मैरीटाइम इंडिया विज़न) 2030 तथा MAKV (समुद्री अमृत काल विज़न) 2047 में उल्लिखित समुद्री क्षेत्र की व्यापक एवं एकीकृत राष्ट्रीय दृष्टि को अपनाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. वैशाली

## चर्चा में क्यों?

- **भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. वैशाली ने साइप्रस के पेगेइया में महिला कैंडिडेट्स शतरंज प्रतियोगिता के 11वें दौर में एलेक्जेंड्रा गोरियाचकिना पर जीत दर्ज की।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप, 2026

## चर्चा में क्यों?

- भारत ने मंगोलिया के उलानबातर में आयोजित एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप, 2026 में अपना अभियान कुल 16 पदकों के शानदार प्रदर्शन के साथ समाप्त किया।



## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन:** 28 मार्च से 11 अप्रैल, 2026 तक उलानबातार, मंगोलिया।
- **आयोजक:** एशियाई मुक्केबाजी परिसंघ (ASBC)।
- **पदक तालिका में स्थान:** भारत ने समग्र तालिका में दूसरा स्थान प्राप्त किया (पहला: कजाकिस्तान) लेकिन कुल पदकों के मामले में भारत पहले स्थान पर हैं।
- **16 पदक:** 5 स्वर्ण, 3 रजत, 8 कांस्य।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **प्रमुख विजेता:**

| पदक विजेता | पदक |
|---|---|
| विश्वनाथ सुरेश (50 किग्रा) | स्वर्ण पदक |
| सचिन सिवाच (60 किग्रा) | रजत पदक |
| आकाश (75 किग्रा) | कांस्य पदक |
| लोकेश (85 किग्रा) | कांस्य पदक |
| हर्ष चौधरी (90 किग्रा) | कांस्य पदक |
| नरेंद्र बेरवाल (90+किग्रा) | कांस्य पदक |

- पुरुषों के 50 किलोग्राम वर्ग में विश्वनाथ सुरेश ने स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने फाइनल में जापान के दाइची इवाई को हराकर पाँच वर्षों में पुरुषों की मुक्केबाजी में देश का पहला एशियाई खिताब हासिल किया।
- सचिन सिवाच ने पुरुषों के 60 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में कजाकिस्तान के ओराज़बेक असिलकुलोव से मुकाबले में हार के बाद रजत पदक जीता।

- **महिला टीम का प्रदर्शन:** 10 पदकों (4 स्वर्ण, 2 रजत, 4 कांस्य) के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।

| स्वर्ण पदक विजेता | रजत पदक विजेता |
|---|---|
| मीनाक्षी हुड्डा (48 किग्रा): मंगोलिया की नोमुंडारी एन्ख-अमगलान को हराया। | जैस्मीन लैंबोरिया (57 किग्रा): थाईलैंड की पुनरावी रुएनरोस से हार गई। |
| प्रीति पवार (54 किग्रा): चीन की ताइपे की हुआंग शियाओ-वे को हराया। | अल्फिया पठान (80+ किग्रा) |
| प्रिया घंघास (60 किग्रा): उत्तर कोरिया की वॉन उन-ग्योंग को हराया। | |
| अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) | |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज, 2026

## चर्चा में क्यों?

- भारत ने बैंकॉक (थाईलैंड) में 30 मार्च से 4 अप्रैल, 2026 तक आयोजित विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज, 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया।
- हाल ही में, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भारतीय दल को सम्मानित किया।




## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन:** 30 मार्च से 4 अप्रैल, 2026 तक बैंकॉक (थाईलैंड)।
- **भागीदार:** इस प्रतियोगिता में 21 देशों के 113 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें एशियाई और पैन अमेरिकी क्षेत्रों की मजबूत भागीदारी रही।

- **भारत का प्रदर्शन और पदक तालिका:**
  - **पहला स्थान:** भारत ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कुल 13 पदकों (7 स्वर्ण, 3 रजत और 3 कांस्य) के साथ पदक तालिका में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
  - **दूसरा और तीसरा स्थान:** इंडोनेशिया 6 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि थाईलैंड 5 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।
  - **भारतीय दल:** 39 सदस्य (21 खिलाड़ी, 5 कोच, 3 सहायक स्टाफ और 10 एस्कॉर्ट)।
- **भारत के पदक विजेताओं की प्रमुख उपलब्धियाँ:**

| पदक विजेता | उपलब्धियाँ |
|---|---|
| तोमन कुमार (टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना एथलीट) | 3 स्वर्ण (कंपाउंड पुरुष ओपन, मिश्रित टीम, पुरुष टीम) |
| शीतल देवी (टीओपीएस एथलीट) | 2 स्वर्ण (मिश्रित टीम, महिला टीम), 1 रजत (महिला ओपन) |
| पायल नाग | 2 स्वर्ण (महिला ओपन, महिला टीम) |
| हरविंदर सिंह (पद्म श्री, टीओपीएस एथलीट) | 1 स्वर्ण (पुरुष टीम), 1 रजत (पुरुष ओपन) |
| श्याम सुंदर स्वामी (टीओपीएस एथलीट) | 1 स्वर्ण (पुरुष टीम), 1 कांस्य (पुरुष ओपन) |
| भावना (राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र एथलीट) | 1 स्वर्ण (महिला ओपन), 2 कांस्य (मिश्रित टीम, महिला टीम) |
| स्वाति चौधरी | 1 रजत (W1 महिला) |
| राजश्री धनराज राठौड़ | 1 कांस्य (महिला टीम) |
| विजय सुंडी | 1 स्वर्ण (पुरुष टीम), 1 कांस्य (मिश्रित टीम) |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# प्रोजेक्ट हिम सरोवर

## चर्चा में क्यों?

- केंद्र सरकार लद्दाख में वर्ष भर जल सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु 'प्रोजेक्ट हिम सरोवर' को बढ़ावा दे रही है।

## मुख्य बिन्दु:

### प्रोजेक्ट हिम सरोवर:

- इस पहल का उद्देश्य लद्दाख में जल की कमी को दूर करना है। यह पहल जलाशयों के निर्माण के माध्यम से पिघलती बर्फ और वर्षा जल के संरक्षण का लक्ष्य रखती है।
- **लक्ष्य:** जमीनी अनुभवों के आधार पर 50 जलाशयों का विकास करना। यह वर्ष भर जल की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा और किसानों की सिंचाई में सहायता करेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# इतिहास एवं संस्कृति

## जलियांवाला बाग नरसंहार 1919

### चर्चा में क्यों?

- 13 अप्रैल 2026 को, देश ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जो भारत के औपनिवेशिक इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक की 107 वीं वर्षगाँठ का प्रतीक है।

### मुख्य बिन्दु:

**जलियांवाला बाग हत्याकांड**

- **पृष्ठभूमि:** रॉलेट अधिनियम, 1919 (जिसे औपचारिक रूप से अराजकतावादी और क्रांतिकारी अपराध अधिनियम, 1919 के रूप में जाना जाता है) राजद्रोह समिति की सिफारिशों के आधार पर पारित किया गया था ।
- इसने ब्रिटिश औपनिवेशिक सरकार को संदिग्ध राजनीतिक विध्वंसक तत्वों को बिना मुकदमे के दो साल तक कैद करने का अधिकार दिया।
- रॉलेट एक्ट (1919) के विरोध में महात्मा गाँधी ने 6 अप्रैल, 1919 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आयोजन किया, जो भारत में पहला व्यापक जन विरोध प्रदर्शन था।
- पंजाब में तनाव विशेष रूप से बढ़ गया था। 9 अप्रैल को दो प्रमुख स्थानीय राष्ट्रवादी नेताओं डॉ. सैफुद्दीन किचलू और डॉ. सत्यपाल को शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन आयोजित करने के आरोप में गुपचुप तरीके से गिरफ्तार कर देश से निकाल दिया गया।
- जनता के आक्रोश के कारण अमृतसर में दंगे भड़क उठे। ब्रिटिश प्रशासन ने शहर का नियंत्रण ब्रिगेडियर जनरल रेजिनाल्ड एडवर्ड हैरी डायर को सौंप दिया, जिन्होंने व्यावहारिक रूप से मार्शल लॉ लागू कर सभी सार्वजनिक सभाओं पर प्रतिबंध लगा दिया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **नरसंहार का दिन:** 13 अप्रैल, 1919 का दिन बैसाखी के साथ मेल खाता था, जो एक प्रमुख फसल उत्सव है। अमृतसर के जलियांवाला बाग नामक एक सार्वजनिक मैदान में हजारों पुरुष, महिलाएँ और बच्चे एकत्रित हुए।
- जनरल डायर गोरखा और बलूच सैनिकों की एक टुकड़ी के साथ पहुंचे। उन्होंने जानबूझकर अपने सैनिकों और बख्तरबंद वाहनों से मुख्य, संकरे प्रवेश द्वार को अवरुद्ध कर दिया।
- बिना किसी चेतावनी के, डायर ने अपने सैनिकों को घनी, निहत्थी भीड़ पर गोली चलाने का आदेश दिया। इस घटना में 1,000 से अधिक पुरुष, महिलाएँ और बच्चे मारे गए।
- **हंटर आयोग (अव्यवस्था जांच समिति):** नरसंहार की जाँच के लिए 1919 में नियुक्त किया गया। हालांकि इसने डायर के कार्यों की निंदा की और उन्हें सेना से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया, लेकिन इसने उनके खिलाफ किसी भी दंडात्मक या कानूनी कार्रवाई की सिफारिश नहीं की।
- **कांग्रेस की जाँच:** कांग्रेस ने हंटर आयोग का बहिष्कार किया और महात्मा गाँधी, मोतीलाल नेहरू, सी.आर. दास और अब्बास तैयबजी जैसे नेताओं को मिलाकर अपनी एक गैर-सरकारी समिति का गठन किया, जिसने इस कृत्य की निंदा करते हुए इसे अमानवीयता का एक सुनियोजित कार्य बताया।

**परिणाम:**

- **उच्च-स्तरीय त्याग:** रवींद्रनाथ टैगोर ने अपनी ब्रिटिश नाइटहुड उपाधि का त्याग कर दिया, और महात्मा गांधी ने अपना कैसर-ए-हिंद पदक लौटा दिया।
- **जन आंदोलनों के लिए उत्प्रेरक:** पंजाब को लेकर आक्रोश, खिलाफत मुद्दे के साथ मिलकर, गांधी को असहयोग आंदोलन (1920-1922) शुरू करने के लिए तत्काल राजनीतिक पूँजी प्रदान की।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **क्रांतिकारी उग्रवाद का उदय:** इस आघात ने उत्तरी भारत की युवा पीढ़ी को, जिनमें भगत सिंह भी शामिल थे , गहराई से प्रभावित किया, जिससे हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचएसआरए) जैसे संगठनों के माध्यम से उग्रवादी साम्राज्यवाद-विरोधी आंदोलन की ओर बदलाव में तेजी आई।
- **ऐतिहासिक प्रतिशोध:** 1940 में, उधम सिंह (नरसंहार में बचे लोगों में से एक) ने लंदन में माइकल ओ'डायर की हत्या कर दी। ओ'डायर 1919 में पंजाब के लेफ्टिनेंट गवर्नर थे, जिन्होंने आधिकारिक तौर पर डायर के कार्यों का समर्थन किया था।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक घटनाक्रम

## उन्नत कृषि महोत्सव, 2026

### चर्चा में क्यों?

- 11 अप्रैल से 13 अप्रैल, 2026 तक मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में उन्नत कृषि महोत्सव, 2026 का आयोजन किया गया।




### मुख्य बिन्दु:

- **थीम और फोकस:** इस राष्ट्रीय कृषि मेले की थीम "सरकारी योजनाओं का साथ, बिचौलियों से मुक्त बाज़ार" और "सुरक्षित उपज, समृद्ध किसान" रखी गई है। इसके तहत् किसानों को कृषि अवसंरचना कोष (AIF) के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।
- **मुख्य उद्देश्य:** किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीज, कृषि यंत्रों और बाजार से सीधे जोड़ना है, ताकि वे अपनी आय बढ़ा सकें।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **"कृषि रोडमैप": समापन अवसर पर रायसेन, विदिशा, सीहोर और आसपास के क्षेत्रों के लिए एक व्यापक "कृषि रोडमैप" भी प्रस्तुत किया गया।**
- **रोडमैप की मॉनिटरिंग के लिए टास्क फोर्स बनाई जाएगी**
- **इस महोत्सव में विशेष रूप से ऊँची कद-काठी और अधिक दूध उत्पादन के लिए प्रसिद्ध जाफराबादी भैंस आकर्षण का केंद्र बनी।**
- **दलहन और बागवानी क्षेत्र का विस्तार किया जाएगा तथा इस क्षेत्र को हॉर्टिकल्चर हब के रूप में विकसित किया जाएगा।**

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारतीय शासन एवं राजव्यवस्था

## व्हिप

### चर्चा में क्यों?

- एक राजनीतिक दल ने आगामी संसद सत्र से पूर्व तीन लाइन का व्हिप जारी किया।

### मुख्य बिन्दु:

**व्हिप के बारे में:**

- **परिभाषा:** यह राजनीतिक दलों द्वारा जारी एक निर्देश है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सदस्य सदन में उपस्थित रहें और राजनीतिक दल के निर्देश के अनुसार मतदान करें।
    - यह संसदीय सरकार की परंपराओं पर आधारित है।
- **मुख्य सचेतक:** राजनीतिक दल सदन में निर्देश जारी करने और इसका अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु वरिष्ठ सदस्यों को मुख्य सचेतक नियुक्त करते हैं। इनकी सहायता हेतु अतिरिक्त सचेतक भी होते हैं।
- **व्हिप के प्रकार:**
    - **एक लाइन का व्हिप:** यह प्राय: सदस्यों को मतदान की सूचना देने हेतु जारी किया जाता है। यह उन्हें सदन में मतदान के दौरान अनुपस्थित रहने की अनुमति देता है।
    - **दो लाइन का व्हिप:** यह सदस्यों को सदन में मतदान के दौरान उपस्थित रहने का निर्देश देता है।
    - **तीन लाइन का व्हिप:** यह महत्त्वपूर्ण अवसरों (जैसे- अविश्वास प्रस्ताव) पर चर्चा और मतदान के दौरान सदस्यों को अनिवार्य रूप से संबंधित राजनीतिक दल के निर्देश का पालन करने का आदेश देता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **व्हिप के उल्लंघन के कानूनी परिणाम:** दल-बदल विरोधी कानून लोकसभा अध्यक्ष/राज्यसभा के सभापति को किसी सदस्य को अयोग्य घोषित करने की शक्ति देता है। यह तब प्रभावी होता है, जब सदस्य अपने राजनीतिक दल के निर्देश के विपरीत मतदान करता है या मतदान से अनुपस्थित रहता है।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य


## हिंद महासागर सम्मेलन (IOC)

### चर्चा में क्यों?

- 9वाँ हिंद महासागर सम्मेलन (IOC) मॉरीशस में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में, भारत ने 'चोकपॉइंट' में व्यवधान से जुड़ी नई चिंताओं को दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया।
- साथ ही, भारत ने लचीलापन बढ़ाने तथा स्थिर और सहयोगात्मक क्षेत्रीय विकास सुनिश्चित करने के लिए विश्वसनीय साझेदारी बनाने पर जोर दिया।

### मुख्य बिन्दु:

#### हिंद महासागर सम्मेलन (IOC)





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- इस सम्मेलन की शुरुआत, 2016 में इंडिया फाउंडेशन द्वारा क्षेत्रीय थिंक टैंकों और संस्थानों के सहयोग से की गई थी।
- इसमें 40 से अधिक देशों की भागीदारी है।
- यह सम्मेलन हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) के देशों के लिए क्षेत्रीय विषयों पर एक प्रमुख परामर्श मंच के रूप में उभरा है। यह 'क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (SAGAR)' के सिद्धांत के लिए क्षेत्रीय सहयोग पर विचार-विमर्श करता है।
- यह 70 मिलियन वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैला हुआ है। यह क्षेत्र 35 से अधिक तटीय देशों को जोड़ता है, और विश्व की लगभग 40% आबादी इस क्षेत्र में निवास करती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# चागोस द्वीप समूह

## चर्चा में क्यों?

- अमेरिका के विरोध के पश्चात, यूनाइटेड किंगडम ने चागोस द्वीप समूह को मॉरीशस को सौंपने की अपनी योजना पर रोक लगा दी है।
- 2019 में, अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (ICJ) ने अपने सलाहकारी सुझाव में यूनाइटेड किंगडम को बिना शर्त इस द्वीप से हटने का निर्देश दिया था।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

📌 **मुख्य बिन्दु:**

- **अवस्थिति:** मध्य हिंद महासागर में, भारतीय उपमहाद्वीप के दक्षिणी सिरे से लगभग 1,600 किमी दक्षिण में।
- यह 50 से अधिक द्वीपों का एक एटोल समूह है। इसमें डिएगो गार्सिया द्वीप सम्मिलित है।
  - डिएगो गार्सिया द्वीप पर यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका का संयुक्त सैन्य अड्डा स्थित है।
- **इतिहास:** ये द्वीप 1814 से ब्रिटिश क्षेत्र रहे हैं।

UTKARSH CIVIL SERVICES



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# डस्टलिक अभ्यास

## चर्चा में क्यों?

- भारतीय सेना की एक टुकड़ी भारत-उज्बेकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डस्टलिक' के सातवें संस्करण हेतु प्रस्थान कर चुकी है।

## मुख्य बिन्दु:

### डस्टलिक अभ्यास:

- यह एक वार्षिक आयोजन है। इसे बारी-बारी से भारत और उज्बेकिस्तान में आयोजित किया जाता है।
- अभ्यास का उद्देश्य: सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना। यह अर्ध-पर्वतीय क्षेत्रों में संयुक्त अभियान संचालित करने की संयुक्त क्षमताओं को भी बढ़ाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# हंगरी के नए प्रधानमंत्री

## चर्चा में क्यों?

- **13 अप्रैल, 2026 को घोषित हंगरी के संसदीय चुनाव परिणामों के अनुसार पीटर मैग्यार को हंगरी के नए प्रधानमंत्री के रूप में चुना गया।**
- **चुनाव परिणाम: पीटर मैग्यार ने 16 साल से सत्ता में रहे विक्टर ओर्बन को हराया।**
- **नए प्रधानमंत्री: पीटर मैग्यार (टिस्ज़ा पार्टी/Tisza Party)।**




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

UTKARSH CLASSES CIVIL SERVICES

## मुख्य बिन्दु:

### हंगरी:




- **अवस्थिति:** हंगरी मध्य यूरोप में स्थित एक भू-आबद्ध देश है, जिसकी सीमा उत्तर में स्लोवाकिया और ऑस्ट्रिया, पूर्व में यूक्रेन और रोमानिया, पश्चिम में स्लोवेनिया और दक्षिण में क्रोएशिया और सर्बिया से लगती है।
- **राजधानी:** बुडापेस्ट।
- **शासन प्रणाली:** संसदीय गणराज्य
- **आधिकारिक भाषा:** हंगेरियन
- **मुद्रा:** फोरिंट
- **प्रमुख पर्वत श्रृंखलाएँ:** उत्तरी हंगेरियन, ट्रांसडैन्यूबियन।
- **प्रमुख नदियाँ:** डेन्यूब, टिस्ज़ा, द्रवा, राबा।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- हंगरी के मध्य से बहने वाली डेन्यूब नदी देश की सबसे बड़ी नदी है। यह लगभग 1,800 मील (2,900 किलोमीटर) की दूरी तय करती है और काला सागर में गिरने से पहले 10 देशों से होकर गुजरती है।
- हंगरी में तीन प्रमुख मीठे पानी की झीलें भी हैं, जिनमें मध्य यूरोप की सबसे बड़ी झील, बालाटन झील भी शामिल है।
- हंगरी, उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (NATO) में शामिल होने 32वाँ देश नवीनतम देश हैं।

UTKARSH CIVIL SERVICES



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# इराक के नए राष्ट्रपति

## चर्चा में क्यों?



- ईराक में पिछले वर्ष नवंबर में हुए संसदीय चुनावों के बाद, देश की संसद ने 11 अप्रैल, 2026 को कुर्द राजनेता निज़ार अमेदी को देश का नया राष्ट्रपति चुना।
- अमेदी देश के पूर्व पर्यावरण मंत्री थे। वे वर्ष 2024 से बगदाद में कुर्दिस्तान पैट्रियटिक यूनियन के राजनीतिक कार्यालय के प्रमुख भी रहे हैं।
- ईराक की सांप्रदायिक सत्ता-साझाकरण प्रणाली के अंतर्गत प्रधानमंत्री का शिया मुस्लिम, संसदीय अध्यक्ष का सुन्नी मुस्लिम और राष्ट्रपति का कुर्द होना अनिवार्य है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## प्रोजेक्ट चीता

### चर्चा में क्यों?

- कूनो राष्ट्रीय उद्यान में भारत में जन्मी एक मादा चीता ने चार शावकों को जन्म दिया है। यह भारत के 'प्रोजेक्ट चीता' के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

### मुख्य बिन्दु:

- **प्रारंभ:** 2022 में शुरू किया गया। इसका उद्देश्य अफ्रीकी चीतों को भारत में स्थानांतरित करना है।
- यह प्रोजेक्ट टाइगर के संरक्षण में संचालित होता है।
- यह किसी बड़े वन्य मांसाहारी जीव की विश्व की पहली अंतरमहाद्वीपीय स्थानांतरण पहल है।
  - 2022 में नामीबिया से 8 चीते कूनो राष्ट्रीय उद्यान में लाए गए। इसके बाद 2023 में दक्षिण अफ्रीका से 12 और 2026 में बोत्सवाना से 9 चीते लाए गए।
- **कार्यान्वयन एजेंसी:** राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA)
  - **NTCA:** यह केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अंतर्गत एक सांविधिक निकाय है। इसकी स्थापना वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (2006 में संशोधित) के प्रावधानों के तहत की गई है।
- **चीता प्रोजेक्ट स्टीयरिंग कमेटी:** प्रोजेक्ट चीता के कार्यान्वयन की निगरानी, मूल्यांकन और सलाह हेतु 2023 में NTCA द्वारा स्थापित।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR